पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी -बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)
(Accredited by NAAC with Grade A+
, E-mail:registrar@pscu.ac.in

क्रं. 406 /CIQA/ 2026 बिलासपुर दिनांक: 24/09/2026

//अधिसूचना//

पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर की विद्यापरिषद की 55वीं (आपात) बैठक दिनांक 24/08/2026 में पारित प्रस्ताव क्रमांक 06 तथा कार्यपरिषद् की बैठक संख्या 30/नियमित/2026 दिनांक 27/08/2026 के निर्णयानुसार, जुलाई 2026 सत्र हेतु SWAYAM प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध अनुमोदित पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय में अंगीकृत किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

यदि कोई विद्यार्थी SWAYAM प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध अपने विषय से संबंधित पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करता है, तो उसके द्वारा अर्जित क्रेडिट को उसके परीक्षा परिणाम में सम्मिलित किया जाएगा। सफलतापूर्वक अर्जित क्रेडिट का अंतरण UGC के प्रचलित विनियमों एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया जा सकेगा।

संबंधित विभागाध्यक्ष अध्ययन मंडल के अध्यक्ष अपने पाठ्यक्रम की संरचना, विषय की प्रासंगिकता, अधिगम–प्रतिफल एवं निर्धारित क्रेडिट को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त SWAYAM पाठ्यक्रमों का चयन Credit Mapping Framework के अनुसार करेंगे तथा विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु उपलब्ध कराएंगे।

उक्त अधिसूचना जारी तिथि से प्रभावशील होगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्रं.407 /CIQA/ 2026 बिलासपुर, दिनांक: 24/09/2026

प्रतिलिपि :

1. महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर छ.ग.
2. निज सचिव, कुलपति जी को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
3. समस्त विश्वविद्यालय शिक्षण विभागाध्यक्ष, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. निदेशक, क्षेत्रीय सेवा प्रभाग सूचनार्थ।
5. परीक्षा नियंत्रक, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी, प्रवेश विभाग, आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्रभारी, अकादमी विभाग, आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. प्रभारी, वेबसाइट, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. कार्यालय प्रति।

उपनिदेशक, CIQA